Title: Need for separate authorities for Jammu, Srinagar and Laddakh for selection of candidates for Jammu and Kashmir Medical College and Dental College. -Laid.

वैद्य विष्ण दत्त (जम्मू): सभापति महोदय, काश्मीर के मैडीकल कालेज तथा डैंटल कालेज में दाखिले के निमित्त जारी, सूचियों में भारी अनियमितता के विरुद्ध ि वद्यार्थी वर्ग तथा उनके सहयोगी सामाजिक तथा राजनैतिक संस्थान आन्दोलन की राह पर हैं जिसकी वजह से जम्मू की कानून-व्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। अतः अनुरोध है कि जारी सूचियों को रद्द कर जम्मू काश्मीर राज्य के तीनों क्षेत्रों जम्मू, श्रीनगर तथा लद्दाख के लिए विद्यार्थियों के चुनाव के निमित्त अलग-अलग कंपीटेंट अथौरिटी निर्वाचित कर लोगों के रोष को शांत किया जाए।